फ़िल्म देखकर रात को लौटूँगा

जॉन : दीपक, तुम क्या कर रहे हो ?

दीपक : मैं गृह-कार्य कर रहा हूँ | तुमने पूरा कर लिया ?

जॉन : नहीं दोस्त, मैं खाना खाकर गृह-कार्य शुरू करूँगा |

दीपक : मैं "हम होंगे कामयाब" गीत का अनुवाद कर रहा हूँ | बहुत सुन्दर गीत है | याद करने लायक़ है | दुबेजी उसे बहुत अच्छा गाते हैं | मैं उसे याद करूँगा |

जॉन : मैं भी उसे याद करके कक्षा में सुनाऊँगा | तुम दुबेजी से सीखकर हम लोगों को क्यों नहीं सिखाते ?

दीपक : ठीक है, कोशिश करूँगा |

जॉन : रात को सिनेमा चलोगे ? "थ्री इडियट्स" फ़िल्म बहुत अच्छी है |

दीपक : आंटी से पूछकर बताऊँगा |

जॉन : अभी पूछकर बताओगे तो मैं टिकट पहले से ख़रीद लूँगा | सेकण्ड शो ठीक रहेगा |

दीपक : अच्छा (करीना से) आंटी ! मैं जॉन के साथ सिनेमा जाऊँ ?

करीना : कब तक लौटोगे ?

दीपक : फ़िल्म देखकर रात को बारह बजे तक लौटूँगा | (जॉन से) आंटी ने इजाज़त दे दी है | हम लोग खाना खाकर जायेंगे |

जॉन : मैं तुम्हारे लिए लिबर्टी सिनेमा पर इंतज़ार करूंगा |

1- “कर” ve “करके” yapılarının kullanımı öğrenerek metin içerisinden analiz etmek.